दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार, 22 मई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 233

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रसोई गैस पर 200 रुपए की मिलेगी सब्सिडी, 9 करोड़ लोगों को फायदा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम करने के अलावा उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 200 रुपए प्रति गैस सिलेंडर की सब्सिडी देने का भी ऐलान किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दो बड़ी घोषणाएं की। पहला पेट्रोल डीजल की एक्साइज ड्यूटी कम करते हुए पेट्रोल के दामों में 8 और 6 रुपए एक्साइज ड्यूटी कम कर दिया है। इसके बाद पेट्रोल की कीमत 9.5 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 7 रुपए प्रति लीटर कम हो जाएगी। साथ ही निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 9 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 200 रुपये प्रति गैस सिलेंडर (12 सिलेंडर तक) की सब्सिडी देने का ऐलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इससे हमारी माताओं और बहनों को मदद मिलेगी। ईंधन की कम करने और उज्जवला योजना के तहत 9 करोड़ लाभार्थियों को सब्सिडी देने के ऐलान पर पीएम मोदी ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा, हमेशा हमारे लिए लोग पहले होते हैं। आज के फैसले में विशेष रूप से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट इसका सबूत है। विभिन्न क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे, हमारे नागरिकों को राहत प्रदान करेंगे और ईज ऑफ लिविंग को आगे बढ़ाएंगे।

### शादी समारोह में जा रही लोगों से भरी गाड़ी पेड़ से टकराई, 7 लोगों की मौत, 13 की हालत गंभीर

**धारवाड़ (आरएनएस)।** कर्नाटक के धारवाड़ जिले में शनिवार तडक़े एक कार के पेड़ से टकरा जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि वाहन में 21 लोग सवार थे। यह लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बेंककट्टी जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायलों की हुबली के एक अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घायलों को केआईएमएस में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे, तभी यह हादसा हो गया। सभी मृतक बेनाकनहल्ली गांव के निवासी थे। हादसे में मारे गए लोगों के नाम अनन्या (14), हरीश (13), महेश्वर (11), शिल्पा (34), नीलाव्वा (60), मधुश्री (20) और शंभू लिंगैया (35) हैं। पुलिस का कहना है कि घटना को लेकर उसने आईपीसी की धारा 304ए (लापरवाही से मौत का कारण) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।


### नोएडा की बेटी दीपशिखा की कला का दीवाना हुआ नासा, पेंटिंग प्रतियोगिता में दुनियाभर में रही अव्वल

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा में रहने वाली कक्षा आठ की छात्रा दीपशिखा जोकि अपनी पेंटिंग के लिए जानी जाती हैं। अब इनकी पेंटिंग नासा तक धूम मचा रही है। 12 वर्षीय छात्रा को पेंटिंग प्रतियोगिता में दुनियाभर में पहला स्थान प्राप्त मिला है। सेक्टर-30 स्थित डीपीएस स्कूल की कक्षा-8 की छात्रा दीपशिखा ने अपनी कलाकारी से नोएडा के साथ देश का नाम रोशन किया है। छात्रा ने नासा द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में दुनियाभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। छात्रा ने एक्सप्लोरिग द सोलर सिस्टम थीम पर पेंटिंग बनाई थी। 10 से 12 आयुवर्ग में दीपशिखा की पेंटिंग को सर्वश्रेष्ठ चुना गया है। इस प्रतियोगिता में तीन आयुवर्गों में पांच विषयों के तहत दुनियाभर के 33 देशों से 700 कलाकारों ने अपनी एंट्री भेजी थीं। दीपशिखा नोएडा सेक्टर-75 में रहती हैं। उनके पिता देबू ज्योति डे ने बताया कि बेटी को बचपन से पेंटिंग करने का शौक है। छह वर्ष की उम्र में उन्होंने दीपशिखा के इस हुनर को पहचाना। उसने अपनी चित्रकला के माध्यम से अंतरिक्ष की सैर कर रही एक लडक़ी को कल्पना को उकेरा है। दीपशिखा की यह पेंटिंग तीन बार नासा की ओर से चुनी गई है। दीपशिखा को 10 से 12 आयुवर्ग में पहला स्थान मिला है। नासा ने पेंटिंग बनाने के लिए छात्रों को पांच विषय दिए गए थे। जिसमें अंतरिक्ष यात्री, रॉकेट, अंतरिक्ष यान, सौर मंडल की खोज और अंतरिक्ष में रहना व काम करना शामिल रहे। 2019 में नासा ने दीपशिखा की पेंटिंग को कैलेंडर का कवर पेज बनाया था। इस बार एक जिज्ञासु बच्चा पूरे सौर मंडल को कैसे देखना चाहता है, छात्रा ने उसी को तस्वीर में उकेर दिया।

# मंकीपॉक्स हुआ खतरनाक, केंद्र ने एयरपोर्ट और बंदरगाहों को लेकर जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विदेशों में मंकीपॉक्स के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी के बाद केंद्र सरकार भी सचेत हो गई है। केंद्र सरकार ने सभी अंतराष्ट्रीय एंट्री प्वाइंट जैसे एयरपोर्ट, बंदरगाहों पर निगरानी शुरू कर दी है। दक्षिण अफ्रीका की यात्रा कर भारत पहुंचने वाले यात्रियों की सैंपल को जांच के लिए पुणे में स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) भेजे जाएंगे।

सैंपल (एनआईवी, पुणे को) केवल ऐसे मामलों में भेजें जहां लोगों में कुछ खास लक्षण दिखें। बीमार यात्रियों के नमूने नहीं भेजे जाएंगे। इनपुट्स के अनुसार, केंद्र ने नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) को यूरोप और



अन्य जगहों पर मिल रहे मंकीपॉक्स के मामलों पर कड़ी नजर रखने के लिए कहा है।

अफ्रीका तक सीमित वायरस जनित बीमारी मंकीपॉक्स अब यूरोप मे कहर बरपा रही है और स्पेन ने जहां गुरुवार को सात मामलों की पुष्टि की वहीं पुर्तगाल में इन मामलों की संख्या बढक़र 14 हो गई। स्पेन में अब तक जितने भी मामले सामने आये हैं, वे सब राजधानी मेड्रिड से हैं और सभी संक्रमित पुरूष हैं।

मंकीपॉक्स का संक्रमण बेहद करीबी संपर्क वाले व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। साथ ही ऐसे व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल कपड़े या चादरों का उपयोग करने से संक्रमण फैल सकता है जोकि मंकीपॉक्स की चपेट में है।

मंकीपॉक्स मानव चेचक के समान एक दुर्लभ वायरल संक्रमण है। यह पहली बार 1958 में शोध के लिए रखे गए बंदरों में पाया गया था। मंकीपॉक्स से संक्रमण का पहला मामला 1970 में दर्ज किया गया था। यह रोग मुख्य रूप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के कुछ क्षेत्रों में होता है और कभी-कभी बाकी क्षेत्रों में पहुंच जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मंकीपॉक्स आमतौर पर बुखार, दाने और गांठ के जरिए उभरता है और इससे कई प्रकार की चिकित्सा जटिलताएं पैदा हो सकती हैं। रोग के लक्षण आमतौर पर दो से चार सप्ताह तक दिखते हैं, जो अपने आप दूर होते चले जाते हैं। मामले गंभीर भी हो सकते हैं। हाल के समय में, मृत्यु दर का अनुपात लगभग 3-6 प्रतिशत रहा है, लेकिन यह 10 प्रतिशत तक हो सकता है। संक्रमण के वर्तमान प्रसार के दौरान मौत का कोई मामला सामने नहीं आया है।

# पेट्रोल 9.5 रुपए और डीजल 7 रुपए हुआ सस्ता, केंद्र ने घटाई एक्साइज ड्यूटी




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने शनिवार को आम जनता को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर क्रमश: 8 और 6 रुपए एक्साइज ड्यूटी कम कर दिया है। इसके बाद पेट्रोल की कीमत 9.5 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 7 रुपए प्रति लीटर कम हो जाएगी।

इसके अलावा केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 9 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 200 रुपये प्रति गैस सिलेंडर (12 सिलेंडर तक) की सब्सिडी देने का ऐलान किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इससे हमारी माताओं और बहनों को मदद मिलेगी।

अभी क्या है रेट : राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 96.67 रुपये प्रति लीटर है। हालांकि, अब उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद दिल्ली में रविवार को पेट्रोल की अनुमानित कीमत 95.91 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। वहीं, डीजल की बात करें तो अनुमानित कीमत 89.67 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी।

हो रहा था विरोध: दरअसल, पिछले कुछ महीनों में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें बढऩे के अलावा रसोई गैस की कीमतें भी लगातार बढ़ी हैं। इसकी वजह से लोगों के बजट पर बुरा असर पड़ रहा था। इसको देखते हुए तमाम जानकार एवं विपक्षी दल ईंधन कीमतों में कटौती की मांग कर रहे थे।

## नहीं रहे माता वैष्णो देवी के प्रमुख पुजारी अमीर चंद, पूजा के दौरान हार्ट अटैक से निधन

**जम्मू (आरएनएस)।** माता वैष्णो देवी के प्रमुख पुजारी अमीर चंद का आज दिल का दौरा पडऩे से निधन हो गया। उनके निधन पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट किया, माता वैष्णो देवी के प्रमुख पुजारी अमीर चंद जी के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। शोकाकुल परिवार व उनके अनुयायियों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदना। ईश्वर से प्रार्थना है कि पवित्र आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमीर चंद रोज की तरह आज भी सुबह करीब 5 बजे उठे थे। जब वह पूजा कर रहे थे तो उनके सीने में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद परिजनों ने उनकी हालत देखते हुए उन्हें तुरंत श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के नारायण अस्पताल पहुंचाया। नारायण अस्पताल के डाक्टरों ने जांच के बाद बताया कि उनकी मौत



हो चुकी है। उनकी मौत के पीछे हार्ट अटैक को कारण बताया जा रहा है। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे कटड़ा के श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी। इस गमगीन दृश्य को देखकर हर किसी की आंखों से आंसू थे। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के गठन के समय से ही माता के भवन बतौर पुजारी अपनी सेवाएं दे रहे थे।

# असम का बाढ़ से बुरा हाल, 8 लाख से अधिक लोग प्रभावित, भूस्खलन से 14 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** असम में बाढ़ से तबाही मची हुई है। जमुनामुख जिले के दो गांवों के 500 से अधिक परिवारों को रेलवे पटरियों पर रहना पड़ा है। इन लोगों को रेलवे ट्रैक का सहारा इसलिए लेना पड़ा है क्योंकि पूरे इलाके में रेल की पटरियां ही एकमात्र ऐसी जगह थी जो बाढ़ के पानी में नहीं डूबी थी।

पटिया पत्थर गांव के निवासियों ने बाढ़ में अपना करीब-करीब सबकुछ खो दिया है और ये लोग नजदीक में अस्थायी शेड के नीचे रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का दावा है कि उन्हें जिला प्रशासन,



राज्य सरकार या फिर केंद्र सरकार से कुछ खास मदद नहीं मिली है।

असम में बारिश और बाढ़ से हालात चिंताजनक बनी हुई है। लगातार हो रही बारिश के कारण 29 जिलों के 2585 गांवों में 8 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बारिश के कारण हुए भूस्खलन से अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। अस्थायी शेड में रह रहे लोग अमानवीय परिस्थिति में रह रहे हैं। कई लोग कई दिनों से भूखे हैं और खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।

लोगों ने कहा है कि बाढ़ के कारण हमारा घर बह गया है। कटने के लिए तैयार हमारी फसल बर्बाद हो गई है। हमें साफ पानी तक नहीं मिल रहा है। हमें पिछले चार दिनों से सिर्फ एक वक्त का खाना मिल रहा है, वह भी कुछ अधपके चावल।

सेना, अर्धसैनिक बलों और राष्ट्रीय और राज्य आपदा राहत बलों ने कथित तौर पर नावों और हेलीकॉप्टरों के जरिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 21,884 लोगों को निकाला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 86,772 लोगों ने 343 राहत शिविरों में शरण ली है जबकि अन्य 411 राहत वितरण केंद्र भी चालू हैं।

# फिर बंद हुआ यमुनोत्री हाइवे, सड़क धंसने से 3000 तीर्थयात्री फंसे

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तरकाशी जिले में स्यानाचट्टी और रानाचट्टी के बीच सडक़ धंसने से यमुनोत्री हाईवे बीती शाम फिर से बड़े वाहनों के लिए बंद कर दिया गया। इससे यमुनोत्री क्षेत्र में तीन हजार यात्री फंस गए। डामटा से जानकीचट्टी के बीच भी तमाम यात्री यमुनोत्री हाईवे खुलने का इंतजार कर रहे हैं। एनएच के अधिशासी अभियंता राजेश पंत ने बताया, मार्ग जल्द खोल दिया जाएगा।

उधर, विभिन्न प्रांतों से चारधाम यात्रा पर आए छह श्रद्धालुओं की हार्टअटैक से मौत हो गई। रुद्रप्रयाग के सीएमओ डॉ. बीके शुक्ला ने बताया कि प्रदीप कुलकर्णी (61) निवासी पुणे, महाराष्ट्र, और बंशीलाल (57) निवासी मंदसौर, मध्य प्रदेश की मृत्यु हो गई। बदरीनाथ में बीना बेन (55) निवासी



गुजरात की भी हृदयगति रुकने से मृत्यु हो गई।

उधर, ऋषिकेश में चारधाम की यात्रा करके लौटे अवधेश नारायण तिवारी (65) पुत्र शिव प्रसाद तिवारी निवासी साहो आमला गोरखपुर, यूपी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वहीं, हरिद्वार और ऋषिकेश के मंदिरों के दर्शन के लिए आई सौरम बाई (49) निवासी धार, मध्य प्रदेश और उमेश दास जोशी (58) निवासी मलाड, मुंबई की भी हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई।

चारधाम यात्रा पर जा रहे तीर्थ यात्रियों के लिए ऑफलाइन पंजीकरण को रोक दिया गया है। रजिस्ट्रेशन के बिना ऋषिकेश से ऊपर तीथ यात्रियों को जाने नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में ऋषिकेश, हरिद्वार सहित आसपास में ही साढ़े नौ हजार तीर्थयात्री फंसे हुए हैं। सभी के होटल, धर्मशाला, लॉज में शरण ली हुई है, जिस कारण ऋषिकेश और हरिद्वार पूरी तरह पैक हैं।

पर्यटन विभाग ने ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था को और सख्त बना दिया है। सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर ने कहा कि अब ऑफलाइन पंजीकरण सिर्फ एक सप्ताह के भीतर का ही होगा। एक सप्ताह से अधिक समय का पंजीकरण नहीं होने दिया जाएगा।

## भारतीय तटरक्षकों ने समंदर में चलाया ऑपरेशन खोजबीन, 1520 करोड़ की ड्रग्स के साथ 2 नावों को पकड़ा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय तटरक्षक के जहाजों ने लक्षद्वीप के तट पर दो नावों का पीछा किया और डेढ़ हजार करोड़ रुपये से अधिक कीमत की ड्रग्स के साथ पकड़ा। भारतीय तटरक्षक के जहाजों ने प्रिंस और लिटिल जीसस नाम की दो नावों का पीछा किया और उन्हें 1,520 करोड़ रुपये से अधिक की नशीली दवाओं के साथ पकड़ा। राजस्व खुफिया निदेशालय के साथ संयुक्त रूप से ऑपरेशन खोजबीन शुरू किया गया है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हर्बल गुलाल से भरे ट्रक को यूरोप भेजने झंडी दिखाकर रवाना किया

- छत्तीसगढ़ के हर्बल गुलाल की यूरोप में डिमांड
- स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने तैयार किया है हर्बल गुलाल
- एक्सपोर्ट किए जा रहे 23 हजार किलो हर्बल गुलाल की कीमत 41.95 लाख रुपए

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य में तैयार हर्बल गुलाल से भरे ट्रक को यूरोप एक्सपोर्ट करने के



लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। यह हर्बल गुलाल स्व-सहायता समूह के सखी क्लस्टर संगठन अंजोरा राजनांदगांव एवं कुमकुम महिला ग्राम संगठन सांकरा दुर्ग की महिलाओं ने गणेशा ग्लोबल गुलाल प्राइवेट लिमिटेड के मार्गदर्शन में अपनी लगन और मेहनत से तैयार किया है। यूरोप एक्सपोर्ट किए जा रहे 23 हजार 279 किलो हर्बल गुलाल का मूल्य 41 लाख 95 हजार 302 रूपए है। छत्तीसगढ़ के हर्बल गुलाल से भरे ट्रक को यूरोप रवाना करने झंडी दिखाने के मौके पर मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, विधायक व छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा एवं नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, गणेशा ग्लोबल गुलाल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अनुज गोयल एवं महिला स्व-सहायता समूह के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा के अनुरूप महिला समूहों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए गौठानों में कई प्रकार की आयमूलक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। गौठानों के सामुदायिक बाडिय़ों में फूलों की खेती विशेषकर गेंदा फूल की खेती शुरू की गई है ताकि इससे महिला समूहों को और अधिक आय हासिल हो सके। फूल से हर्बल गुलाल के निर्माण के लिए 18 फरवरी 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में गणेशा ग्लोबल गुलाल प्राइवेट लिमिटेड और छत्तीसगढ़ शासन के उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी के संचालक के मध्य एमओयू हुआ था। इसके प्रथम चरण में 150 महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से हर्बल गुलाल एवं हर्बल पूजन सामग्री तैयार की जा रही है। महिला समूहों द्वारा तैयार 23 हजार 279 किलो हर्बल गुलाल को गणेशा ग्लोबल गुलाल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से यूरोप एक्सपोर्ट किए जाने के लिए रायपुर से गुजरात स्थित मुंदरा पोर्ट भेजा जाएगा। एक्सपोर्ट हर्बल गुलाल की पैकेजिंग अलग-अलग आकार और वजन में की गई है। हर्बल गुलाल का कुल मूल्य 54 हजार 491 यू.एस. डॉलर यानी भारतीय रूपए में इसकी कीमत 41 लाख 95 हजार 302 रूपए है। गौठान की महिला समूहों की मेहनत से तैयार हर्बल सामग्री का विदेशों में एक्सपोर्ट होना छत्तीसगढ़ राज्य और स्व-सहायता समूहों के लिए गौरव की बात है।